राजकीय कन्या महाविद्यालय, नाथद्वारा

IQAC

सत्र 2022–23

दिनांक :– 06.09.2022

दिनांक 6 सितंबर 2022 को प्राचार्य कक्ष में आइक्यूएसी समिति की बैठक के तुरंत उपरांत महाविद्यालय की नियमित तथा पूर्व छात्राओं से लिए गए फीडबैक के संदर्भ में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे -

1.डॉ. पुनीता चोर्डिया प्रभारी –

2.डॉ. शालिनी माथुर

3.डॉ.पी.के. खींचा

4. श्रीमती कविता पारुलकर

5. डॉ. विनीता लवानिया

बैठक में छात्राओं से प्राप्त फीडबैक का विश्लेषण करने पर निम्नलिखित तथ्य स्पष्ट हुए-

1. छात्राओं के अनुसार महाविद्यालय में शैक्षणिक, सह शैक्षणिक, अकादमिक वातावरण के साथ ही अनुशासन, स्वच्छ पर्यावरण के आधार पर स्थिति संतोषप्रद है।
2. खेलकूद में प्रशिक्षण तथा अभ्यास के लिए पीटीआई की आवश्यकता है, साथ ही खेलकूद संबंधी सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जावें।
3. पुस्तकालय में उपलब्ध विषय की पुस्तकों ,जर्नल एवं अन्य संदर्भ पुस्तकों के पूर्ण उपयोग में लाइब्रेरियन नहीं होने की स्थिति में बाधा उत्पन्न हो रही है ।
4. स्नातक स्तर पर छात्राओं द्वारा भूगोल, अर्थशास्त्र विषयों के खोलने हेतु प्रस्ताव दिए गए।
5. कला संकाय में राजनीति शास्त्र ,इतिहास, समाजशास्त्र में तथा वाणिज्य संकाय में स्नातकोत्तर स्तर आरंभ करने की मांग की गई।

उक्त फीडबैक के आधार पर विचार विमर्श के बाद नोडल महाविद्यालय सेठ रंग लाल कोठारी राजसमंद की जिला संसाधन सहायता समिति DRAC को उक्त संबंध में विषय वार रिक्त पदों की स्थिति से अवगत कराए जाने तथा भविष्य में महाविद्यालय की कार्य योजना बनाए जाते समय उक्त सुझावों एवं मांग को ध्यान में रखे जाने की यह समिति अनुशंसा करती है।

प्रभारी